143

**बिहार सरकार**
**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

पत्रांक–PH/BSWSM/SDMU/Protocol/371/24 ε 315

प्रेषक,

पटना, दिनांक 24/07/24

मो0 सादुल्लाह जावेद,
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल,

**विषयः–जल गुणवत्ता की जांच हेतु जल नमूनों का संग्रहण एवं जांच तथा भारत सरकार के पोर्टल WQMIS/MIS में इंट्री करने के संदर्भ में पूर्व में निर्गत अनुदेश में संशोधन के संबंध में**

प्रसंगः–(क) विभागीय पत्रांक–6ए0/प्रयोग2–103/19–621 दिनांक–20.02.2020 तथा पत्रांक–364 दिनांक–19.02.2021

(ख) पत्रांक–636 दिनांक–20.07.21

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि जल नमूनों की संग्रहण एवं जांच हेतु प्रासांगिक पत्र में पूर्व में निर्धारित प्रोटोकाल संशोधनोप्रान्त पत्र के साथ अग्रतर कार्रवाई हेतु संलग्न है। वर्तमान अनुदेश में प्रयोगशाला के सभी कर्मियों का कार्य दायित्व का समायोजन किया गया है। प्रयोगशाला का पूर्णरूपेण क्रियाशीलता, ससमय जल नमूनों का संग्रहण एवं प्रयोगशाला तक परिवहन, रसायन/उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सभी कार्यपालक अभियंता की जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि जिला में जल नमूना संग्रहण, इसके जांच तथा जांच प्रतिवेदन के पोर्टल इंट्री हेतु प्रासंगिक पत्र (प्रति संलगन) द्वारा सहायक अभियंता (मुख्यालय) को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। अतः सहायक अभिंयता (मुख्यालय) इस हेतु जिम्मेवार होंगे।

अतः उक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि "हर घर नल का जल" हेतु क्रियान्वित योजनाओं के जल नमूनों की जांच एवं भारत सरकार के पोर्टल WQMIS पर इंट्री ससमय सुनिश्चित की जाय।

इसमें किसी तरह की शिथिलता/लापरवाही अवांछनीय है।

इस प्रोटोकाल संशोधन पर विभागीय प्रधान सचिव महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु0–यथोपरि।

विश्वासभाजन

जावेद 23.7.24

(मो0 सादुल्लाह जावेद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।

150

ज्ञापांक– 315 पटना, दिनांक– 24/07/24

प्रतिलिपि– सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

जावेद 23-7-24

(मो0 सादुल्लाह जावेद)

अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।

ज्ञापांक– 315 पटना, दिनांक– 24/07/24

प्रतिलिपि–मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार/अधीक्षण अभियंता, जल गुणवत्ता, उत्तर एवं दक्षिण बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जावेद 23-7-24

(मो0 सादुल्लाह जावेद)

अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।

ज्ञापांक– 315 पटना, दिनांक– 24/07/24

प्रतिलिपि–वरीय अनुसंधान पदाधिकारी, राज्य रेफरल प्रयोगशाला, छज्जूबाग, तथा सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, पटना, मुजफ्फपुर एवं भागलपुर तथा आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जावेद 23-7-24

(मो0 सादुल्लाह जावेद)

अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।

ज्ञापांक– 315 पटना, दिनांक– 24/07/24

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

जावेद 23-7-24

(मो0 सादुल्लाह जावेद)

अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।